श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला; श्री राजीव चंद्रशेखर ने राज्य मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया

नई दिल्ली, 8 जुलाई 2021: श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कैबिनेट मंत्री के रूप में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया और कर्नाटक से राज्यसभा के सांसद श्री राजीव चंद्रशेखर ने मंत्रालय के राज्य मंत्री (एमओएस) के रूप में पदभार ग्रहण किया। कल के मंत्रिमंडल फेरबदल से पहले कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री रहे डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय भी इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने पदभार ग्रहण करने पर दोनों मंत्रियों को शुभकामनाएं दीं।

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वे मंत्रालय के कौशलीकरण प्रयासों को सुदृढ़ करने और युवाओं को भविष्य में कार्य के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने और कौशलीकरण और रोजगार के बीच संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने श्री राजीव चंद्रशेखर को भी राज्य मंत्री के रूप में पदभार संभालने पर अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने और भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम करने के लिए कटिबद्ध हैं।

श्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि उन्हें कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री के रूप में सेवा करने का सौभाग्य और सम्मान मिला है, उन्होंने कहा कि वे डिजिटल, कुशल और नवीन भारत के प्रधान मंत्री के सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।